प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची एटीएस के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

************************

होली के अवकाश के बाद झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही आज शुरु होते ही होली के दौरान गिरिडीह जिले के घोड़थम्बा में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इस कारण प्रश्नकाल बाधित हुआ। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से प्रश्नकाल को स्थगित कर घोड़थम्बा हिंसा मामले पर चर्चा कराने की मांग की।

इस पर मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि घटना के बाद प्रशासन निष्पक्ष तरीके से पूरे मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने भाजपा पर साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप लगाया।

हंगामा कर रहे सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष ने समझाने का प्रयास किया लेकिन जब वे नहीं माने तो सदन की कार्यवाही दिन के 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर प्रश्नकाल सुचारु रुप से संचालित हो रहा है।

************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जराईकेला थाना क्षेत्र के राधापोड़ा वन ग्राम के पास यह आईईडी विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों के दस्ते की मुठभेड़ हुई। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पूर्व में ही लगाए गए एक आईईडी को ब्लास्ट कर दिया गया जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 134 बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर द्वारा रांची भेजा गया है। एसपी ने बताया कि सर्च अभियान जारी है।

************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास और विधि–व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं से श्री मोदी को अवगत कराया। मौके पर श्री गंगवार ने राज भवन, रांची द्वारा प्रकाशित राज भवन पत्रिका की प्रति प्रधानमंत्री को भेंट की। गौरतलब है कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन, झारखण्ड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

************************

कोल्हान विश्वविद्यालस की नई कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता ने आज चाईबासा में कुलपति के पद पर योगदान दिया है। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय को बेहतर बनाने के लिए उसके तंत्र को मजबूत बनाना आवश्यक होता है। प्रोफेसर गुप्ता ने कहा कि जो भी कार्य या योजनाएं होंगी वो छात्रों के हितों को ध्यान में रखकर होंगी।

************************

चतरा जिले में अयोग्य राशन कार्ड धारियों के कार्ड की जांच शुरू कर दी गयी है। जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मनिंद्र भगत ने बताया कि अब तक 46 अयोग्य कार्डधारियों की सूची बनाई गई है।

इन सभी कार्ड धारियों से 36 लाख 55 हजार 456 रुपए की वसूली की जायेगी। डीएसओ ने ऐसे सभी अयोग्य कार्ड धारियों से 31 मार्च तक जिला आपूर्ति कार्यालय में अपना राशन कार्ड सरेंडर करने की अपील की है।

************************

भारत सरकार की डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी (डीजीएमएस) चाईबासा की ओर से सरायकेला जिले के सभी खान कर्मचारी और मजदूरों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप सरायकेला सदर अस्पताल में आयोजित हुआ जिसमें खान मजदूरों की सिलिकोसिस जांच सहित संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। क्षेत्रीय निदेशक राकेश मिश्रा ने कहा कि डीजीएमएस विभाग, खान में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए समर्पित है।

************************

लातेहार जिले में स्थित चार सौ साल पुराने ऐतिहासिक धरोहर पलामू किले का जीर्णोधार होगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

गुमला जिला मुख्यालय में आज केंद्रीय महावीर मंडल समिति और विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने टावर चौक, महावीर चौक और अन्य प्रमुख स्थानों में रामनवमी पर्व को लेकर झण्डा पूजन कर झंडा को स्थापित किया।

*****समाप्त*****